भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2683 का उत्तर

## ट्रेनों के लिए ठहराव स्टेशन

2683. श्री ज्ञानेश्वर पाटील:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोरोना काल के बाद शुरू की गई गाड़ी संख्या 19013-19014 सूरत-भुसावल-कटनी तथा गाड़ी संख्या 11115-11116 भुसावल-इटारसी मेमू ट्रेनों की सेवा को पुनः शुरू कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या असीरगढ़ रोड, चांदनी, मांडवा, कोहदड़ और बागमार रेलवे स्टेशनों पर उक्त ट्रेनों के ठहराव के संबंध में कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त प्रस्तावों को कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है, ताकि उक्त रेलवे स्टेशनों पर ठहराव से अनेकानेक लोगों को लाभ मिल सके तथा अधिक राजस्व सृजित हो सके?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में, 19013/19014 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस और 11115/11116 भुसावल-इटारसी मेमू चल रही हैं और असीरगढ़ रोड, चांदनी, मांडवा, कोहदाड़ और बगमार के यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए इन रेलगाड़ियों का इन स्टेशनों के पास बुरहानपुर, नेपानगर, सागफाटा, डोंगरगांव और बडगांव गुजर में ठहराव निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर ठहराव देने का प्रावधान यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि के अध्यधीन सतत् प्रक्रिया है।

*****